# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- देश भर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया विजयदशमी का त्योहार, गोरखपुर में गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुआई में निकाली गई पारम्परिक विजय शोभा यात्रा
- प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना दो हजार चौबीस के लिए पंजीकरण शुरू, एक सौ तिरानबे कम्पनियों के माध्यम से मिलेंगे इक्यानबे हजार अवसर
- केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को चौदहवें महारत्न के रूप में दी मंजूरी
- सीएम ग्रिड योजना के तहत विश्व स्तरीय बनाई जाएंगी लखनऊ की सात सड़कें

**********

विजयदशमी का पर्व कल पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में हर साल मनाया जाता है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के लाल किला मैदान में श्री धार्मिक लीला कमेटी द्वारा आयोजित विजयादशमी समारोह में शामिल हुए। उधर, गोरक्षपीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में सामाजिक समरसता की प्रतीक परम्परागत विजय शोभा यात्रा में शामिल हुए। अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भी इस शोभा यात्रा का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन अपनी विरासत से जोड़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

***आज से हजारों वर्षों पहले दुनिया ने जब सभ्यता नहीं सीखी थी दुनिया में जब मानवीय लक्षण नहीं थे तब भारत में एक सभ्य समाज निवास करता था। ये रामायण काल और वैदिक काल इस बात का उदाहरण देता है। महाभारत काल इस बात का उदाहरण प्रस्तुत करता है और उस उदाहररण के साथ आज आप अपनी विरासत के साथ जुड़ कर के विजयादशमी जैसे पर्व में। गोरखपुर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के साथ इस पौराणिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुड़े हुए कार्यक्रम के साथ जुड़ रहे हैं।***

यह शोभा यात्रा हर साल गोरक्ष पीठाधीश्वर की अगुवाई में निकाली जाती है।

इससे पहले श्री योगी ने गोरक्षनाथ मंदिर में तिलकोत्सव समारोह में भाग लिया, जिसमें साधु–संतों ने उनको तिलक लगाकर सम्मानित किया और नाथ सम्प्रदाय की विशेष परम्परा के अनुसार उन्हें नमन किया। उन्होंने कल सुबह गुरु गोरखनाथ का विशेष पूजन अर्चन भी किया । मुख्यमंत्री ने शाम को गोरखपुर के मानसरोवर रामलीला मैदान में आयोजित प्रभु श्रीराम के राजतिलक समारोह में हिस्सा लिया । इस मौके पर उन्होंने कहा कि अगर हम संगठित रहेंगे तो सुरक्षित भी रहेंगे। हमे संगठित होकर स्वतंत्रता दिलाने वाले अनेकानेक बलिदानियों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देना है।

उधर, प्रदेश के सभी जिलों के शहरी और ग्रामीण इलाकों में बुराई के प्रतीक रावण के पुतलों का दहन किया किया गया । राम नगरी अयोध्या में विजय दशमी पर विशेष उल्लास का माहौल रहा । गोरखपुर के बर्डघाट में प्रभु श्रीराम के जयघोष के साथ रावण का पुतला दहन किया गया । शिव नगरी वाराणसी में भी दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया ।

***बनारस के रेल इंजन कारखाना में 75 फुट के रावण, 65 फुट के कुंभकरण 60 फुट की मेघनाथ के पुतला दहन को देखने के लिए काफी संख्या में भीड़ उमड़ी रही। इस आयोजन की शुरुआत में रामचरित मानस पर आधारित एक बेहद रोचक नाट्य प्रस्तुति की गई। इस अदभुत कार्यक्रम में आकर्षक आतिशबाजी भी हुई जिसने, दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ मलदहिया चौराहे पर भी 35 फुट के रावण का दहन किया गया। आकाशवाणी समाचार के वाराणसी से मनीष सिंह।***

रावण की ससुराल और मंदोदरी का मायके के रूप में पहचान रखने वाले मेरठ जिले की रामलीला का प्रदर्शन विशेष ड्रोन द्वारा आसमान पर रंग बिरंगे लाइट के जरिये किया गया। रामायण सीरियर में प्रभु श्रीराम का किरदार निभाने वाले मेरठ के सांसद अरूण गोविल ने वहां रावण का पुतला जलाया।

इस बीच, प्रदेश के कई जिलों में दुर्गा प्रतिमाओं का विजर्सन भी कल से शुरू हो गया है। जगह–जगह दशहरा मेलों के आयोजन किये गये।

पड़ोसी देश नेपाल में कल ही सबसे बडा त्योहार दशयन मनाया गया। इस त्योहार का अंतिम दिवस टीका उत्सव के रूप में सपरिवार मनाया जाता है। इस दौरान परिवार में सबसे वरिष्ठ सदस्य समस्त परिवार के माथे पर तिलक लगाता है।

**********

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना–दो हजार चौबीस के लिए कल से पंजीकरण शुरू हो गया। यह प्रक्रिया पच्चीस अक्टूबर तक जारी रहेगी।

***प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत अब तक 193 कंपनियों ने लगभग 91 हजार इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने की घोषणा की है। सरकार का लक्ष्य इस वित्त वर्ष में सवा लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान करना है। यह अवसर ऑनलाइन पोर्टल पी एम***

*इन्टर्नशिप डॉट एम सी ए डॉट जी ओ वी डॉट इन के माध्यम से प्रदान किए जा रहे हैं। सरकार ने पांच वर्ष के दौरान 21 से 24 वर्ष आयु वर्ग के एक करोड़ उम्मीदवारों को इंटर्नशिप उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। इंटर्नशिप के दौरान युवाओं को एक वर्ष के लिए पांच हजार रुपये मासिक पारिश्रमिक दिया जाएगा, इसके अलावा उन्हें छह हजार रुपये की एक मुश्त राशि भी दी जाएगी। इंटर्नशिप के यह अवसर 36 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के सात सौ 37 जिलों में उपलब्ध होंगे। यह अवसर तेल, गैस, ऊर्जा, यात्रा, आतिथ्य, वाहन, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं जैसे 24 क्षेत्रों में मिलेंगे। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

**********

सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड–एचएएल को चौदहवें महारत्न के रूप में मंजूरी दे दी है। सार्वजनिक उद्यम विभाग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को महारत्न में शामिल करने की मंजूरी दे दी है। यह रक्षा उत्पादन विभाग, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है।

**********

प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक सौ छियासी करोड़ रुपये की लागत से सात सड़कों को विश्व स्तरीय बनाया जाएगा। नगर विकास एवं उर्जा मंत्री एके शर्मा ने कल इन सड़कों का शिलान्यास किया।

*सीएम ग्रिड्स योजना लाई गई है आने वाले दिनों में नगरों में बहुत ही वैश्विक स्तर की रोड़े बने जो दस साल बीस साल पच्चीस साल तक जिन्हें छूना ना पड़े। हरित हो ग्रीन हो जिनमें पॉल्यूशन का लेवल कम पड़े सात सड़क एक सौ छियासी करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली है। सोलह किलोमीटर की लंबाई में एक सौ छियासी करोड़ रुपए लगने वाले है लगभग।*

**********

यूपी डायस्पोरा फोरम आज दुबई के इंडिया क्लब में उत्तर प्रदेश के मूल अनिवासियों के साथ निवेशक समागम का आयोजन कर रहा है। इस आयोजन में यूपी मूल के हजारों लोग इकट्ठा होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विकास और निवेश संबंधी उपलब्धियों पर खास चर्चा की जायेगी।

**********

प्रदेश में बीते चौबीस घंटों के भीतर हुए अलग अलग हादसों में ग्यारह लोगों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गये। प्रतापगढ़ जिले के महेशगंज थाना क्षेत्र के शिवगढ़ हरदोईपट्टी गांव में कल मूर्ति विसर्जन के दौरान मार्ग में लटक रहे एक हाईटेंशन तार से मूर्ति में बिजली उतर जाने के कारण आधा दर्जन से अधिक लोग झुलस गये। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक द्वारा दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। मिर्जापुर जिले के ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बड़का घुमान के पास बाइक सवार तीन लोगों को एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे दो लोगों की मौके पर और एक बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई। अम्बेडकरनगर जिले के टांडा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरी विशुनपुर में कल दोपहर बाद एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो सगी बहनों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, मैनपुरी जिले के बेबर थाना क्षेत्र में राशन लेने जा रहे तीन साईकिल सवारों को कल सुबह दिल्ली–कानपुर मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

**********

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में जारी रणजी ट्रॉफी मुकाबले में कल का खेल खत्म होने तक बंगाल के तीन सौ ग्यारह रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने तीन विकेट पर एक सौ अट्ठानबे रन बना लिए। आर्यन जुयाल नब्बे रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं जबकि दूसरे छोर पर सिद्धार्थ यादव बीस रन के स्कोर पर खेल रहे हैं।

**********